MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 53 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 24 अक्टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....



शाम 06 बजे से प्रारंभ होगा

## दशहरा मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम

### भव्य होगी भगवान राम की आरती

सिवनी यशोः- श्री रामदल समिति द्वारा विजयदशमी पर्व का मु य आयोजन रावण दहन मिशन स्कूल ग्राउंड में शाम 06 बजे से प्रार भ होगा जिसमें श्री रामदल समिति के संरक्षक मंडल के स मानीय सदस्यों द्वारा दीप-प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की जावेगी इसके बाद बनारस से आये 07 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर श्री रामचंद्रजी की आरती की जावेगी ततपश्यात वृंदावन के माधव शास्त्री जी की टीम गीतांजली इंटरनेशनल द्वारा बाँकेविहारी महारास, मयूररास, सुदामा मिलन और ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली का मंचन होगा और

लकी ड्रा कूपन के बाद रात्रि 10 बजे श्री राम लक्ष्मण जी के अग्निबाणों से बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया जावेगा इसके बाद मिशन स्कूल से ही विजय यात्रा श्री रामरथ के साथ प्रार भ होगी जो शुक्रवारी से मु य शोभायात्रा में नगर भ्रमण के लिए शामिल होगी ।

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अनेक माध्यमो से**

दशहरा पर्व समारोह के दौरान आयोजन स्थल मिशन स्कूल ग्राउंड में आगन्तुको के बैठने के लिए पृथक पृथक व्यवस्थाएं की गई है, आयोजन में महिलाओं और बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए बैठने की अलग से व्यवस्था एवं आमजनों के लिए भी सुगम व्यवस्था की गई है, अधिकारियों, गणमान्य विशिष्टजन, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओ के लिए भी विशेष व्यवस्था की गयी है, आयोजन स्थल में सीसी टीव्ही कैमरों लगाए गए है तथा 06 स्थानों बड़ी बड़ी स्क्रीनों के माध्यम से लाइव किया जावेगा साथ ही चौक चौराहों में लगी टीव्ही स्क्रीन में तथा साई केवल नेटवर्क के माध्यम से टीव्ही स्क्रीन पर और रॉकेट नेट के माध्यम से यूट्यूब पर तथा श्री रामदल समिति की फेसबुक आईडी कर माध्यम से अपने मोबाइल पर भी इस पूरे आयोजन तथा रावण दहन का कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देख सकते है।





## शिवराज सरकार ने सबसे अधिक वनाधिकार दिये - प्रह्लाद पटेल

लखनादौन यशोः- कांग्रेस को केवल झूठ बोलना, आश्वासन देना और चुनाव के समय लालच देना आता है विकास की सोच कांग्रेस की नहीं है कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी कहती है कि भाजपा ने मनरेगा बंद कर दी जबकि भाजपा की शिवराज सरकार ने आदिवासियों वनाधिकार देने के लिये पेसा जैसा सशक्त कानून दिया है जितने वनाधिकार आदिवासियों को शिवराज की सरकार में मिले है उतने कभी नहीं दिये गये । कांग्रेस केवल झूठ बोलने की मशीन है इस आशय के उद्गार केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग एवं जलशक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद पटेल ने लखनादौन के मढ़ी में भाजपा के प्रत्याशी विजय उईके के समर्थन में आमसभा को संबोधित करते हुये व्यक्त किये ।

**हर घर को शुद्ध पेयजल भाजपा का लक्ष्य**

श्री पटेल ने कहा कि जब जल जीवन मिशन योजना का शुभारंभ हुआ था तब प्रदेश में कमलनाथ की सरकार थी उन्होंने कितने गांव में इस योजना को प्रारंभ कराया और कितने स्थानों पर पानी पहुँचाने का काम किया श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस की सोच जनता सुविधाएँ देने वाली नहीं है कांग्रेस सरकार का कार्यकाल भ्रष्टाचार और दलाली वाला ही रहा है । कांग्रेस जनता को आश्वासन और चुनाव के समय लालच देकर सत्ता प्राप्त करना चाहती है । केन्द्रीय मंत्री श्री पटेल ने आदिवासियों के धैर्य एवं साहस को प्रणाम करते हुए कहा कि आदिवासियों का चरित्र कभी लालच और वैमनस्यता के आसपास भी नहीं रहा। उन्होंने हमेशा दुनिया को दिया है, लिया कभी कुछ नहीं।

**आदिवासियों का जीवन वैज्ञानिक शोध शैली पर आधारित**

श्री पटेल ने कहा कि आज एक बार फिर से इतिहास स्वयं को दोहरा रहा है। आदिवासियों के भोजन को गरीबों का खाना कहकर तिरस्कार करने वाले अब फिर से उसी खाने के लिए आदिवासियों पर आश्रित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि श्री अन्न (कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा) को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में प्रतिष्ठित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासियों की जीवन शैली को वैज्ञानिक शोधों के आधार पर भी सर्वोत्तम माना गया है, ये हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेसियों से पहले पुराना हिसाब मांगे । कांग्रेस ने 15 महीने की सरकार में ` या किया, इस पर बहुत अच्छे से विचार करने के बाद फैसला लेना होगा।

**भाजपा के काम को पीढ़िया देखती है**

श्री पटेल ने कहा कि भाजपा हर व्यक्ति के सिर के ऊपर छत देखना चाहती, हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना चाहती है जिसके लिये सरकार ने योजना प्रारंभ की और हर घर तक नल जल योजना के माध्यम से पानी पहँचाने का काम प्रारंभ हो गया है आजादी के बाद से आज तक 3 करोड़ घरों में शुद्ध पेयजल पहुँचाता था मोदी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत 13 करोड़ से अधिक परिवारों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता करायी है और यह निरंतर जारी है हर घर तक पानी पहुँचाना भाजपा का लक्ष्य है । श्री पटेल ने कहा कि भाजपा के काम को पीढ़िया देखती है । राम मंदिर बनकर तैयार होगया है आगामी संक्राति के पश्चात प्रवेश होगा । कश्मीर से 370 समाप्त करने का काम किया ।

**भाजपा को इसलिये वोट देना है**

श्री पटेल ने कहा कि भाजपा को वोट इसलिए चाहिए कि जिन लोगों के सिरों पर अभी प्रधानमंत्री आवास की छत नहीं है, उन्हें छत दी जा सके। जिन गांवों और घरों में पानी नहीं पहुंच सका है, वहां पानी पहुंचाया जा सके। जिन माताओं-बहनों को उज्वला गैस कने शन नहीं मिला है, उन्हें गैस दी जा सके। श्री पटेल ने कहा कि हम डबल इंजन की सरकार इसलिए चाहते हैं ताकि विकास की र तार दोगुनी हो सके।

श्री पटेल ने कहा कि विजय उईके बहुत सरल व्यक्ति है इसे चुनाव में जिताये यह आपका विधायक बनेगा तो क्षेत्र का विकास तेज गति से होगा और इस क्षेत्र को पिछडेपन से मुक्ति मिलेगी । विजय उईके ने भी क्षेत्रीय जनों को संबोधित करते हुये भरोसा दिलाया कि मै क्षेत्र के विकास के लिये हर स्तर पर प्रयास करूंगा ।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, चुनाव प्रबंध समिति के जिला संयोजक एवं वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, लखनादौन विधानसभा प्रभारी जयदीप सिंह चोहान, सुदामा गुप्ता, सुनील केसरवानी, अनिल गोल्हानी, धीरसिंह भलावी, नरेन्द्र टांक, नाहरपटेल, मुकेश अग्रवाल, सहित वरिष्ठ नेता और बड़ी सं या में कार्यकर्त्ता एवं आमजन उपस्थित रहे ।

## जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये मोहन चंदेल



सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री माननीय कमलनाथ जी द्वारा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल को जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी का कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। कमलनाथ जी ने आशा व्यक्त की है कि आप श्रीमति सोनिया गांधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की भावनानुसार कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, बरघाट विधायक अर्जुनसिंह काकोड़िया लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा, केवलारी के पूर्व विधायक ठा. रजनीश सिंह, सेवकराम चन्द्रवंशी, संजय भारद्वाज, हाजी समी अंसारी, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, पंकज शर्मा, अतुलचंद मालू, प्रसन्नचंद मालू, इमरान पटेल, विजय नाहटा, अशोक चैबे, योगेन्द्र सोनी, विष्णु करोसिया, विनोद यादव, राजिक अकील, सलाम कुरैशी, शाहिद नजीर, गेंदलाल भलावी, आजम दीवान अली, सुमित मिश्रा, राजेश मानाठाकुर, धनंजय सिंह संध्या, नंदू यादव, ठा. जयप्रकाश परिहार, सुजीत गोदरे, जोएब जकी अनवर खान, नितिन शु ला, पंकज बाउसकर, टिकेन्द्र देशमुख, जिब्राईल अंसारी, सुनील बघेल, हुकुमचंद सनोडिया, रंजीत बघेल सहित समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

## सुभाष मंच दुर्गा उत्सव समितियों एवं व्यायामशाओं का करेगा स मान



सिवनी यशोः- सिवनी नगर के दशहरा चल समारोह में शामिल होने वाली समस्त दुर्गा उत्सव समितियों एवं व्यायामशालाओं का नेहरू रोड में गुरूकृपा मेडीकल के सामने क्रांतिकारी सुभाष मंच द्वारा स मानित किया जायेगा ।

सुभाष मंच द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया है कि 24 अे टूबर को सिवनी नगर के ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह को गरिमा प्रदान करने वाली समस्त दुर्गा पूजन समितियों एवं व्यायामशालाओं को क्रांमिकारी सुभाषा मंच के द्वार स मान किया जायेगा । समिति के सदस्य गणों सर्वश्री मनोज मर्दन त्रिवेदी, विनोद सोनी, नितिन भार्गव, डॉ अभिजीत चौहान, विजय छांगवानीओमप्रकाश गोलु शर्मा, अतुल मोदी, अभिनव अग्रवाल, रूपेश मिश्रा, अंकित चौरसिया, हितेंद्र साहू, अभिषेक पराशर, हरिओम सोनी, पीयूष शाह, अभिषेक अप्पू जैन, पंकज सोनी, सचिन सोनी मुन्ना, सचिन सोनी ड्रेगन, हर्ष सोनी, आशीष ठाकुर, आशीष पाठक , दीपक, रितेश अग्रवाल सहित समस्त सदस्य गण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे ।

## हजारो श्रद्धालुओ के बीच संपन्न हुआ विशाल देवी जागरण



सिवनी यशोः- दुर्गा अष्टमी की रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सिवनी बस स्टैंड में विशाल देवी जागरण कार्यक्रम भक्ति भाव से संपन्न हुआ। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष लक्ष्मी नारायण मंदिर में देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में ओम शिव शक्ति देवी जागरण ग्रुप जबलपुर के द्वारा शानदार देवी गीतों की प्रस्तुति सिवनी नगर वासियो के समक्ष दी गई। वि यात देवी गीत गायिका संजो बघेल इस कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रही । उन्होंने अपनी अद्भुत सुमधुर आवाज के माध्यम से श्रोताओं का मनमोहा और अपना शानदार आल्हा भी प्रस्तुत। किया कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में सिवनी के वर्तमान विधायक दिनेश राय मुनमुन जी उपस्थिति रहे एवं विधायक जी के द्वारा माता जी को चुन्नी भेट की गई एवं विश्व प्रसिद्ध आल्हा गायिका श्रीमती संजो बघेल का स्वागत किया गया साथ ही साथ नगर पालिका के अध्यक्ष श्री सफीक खान का श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति की ओर से स्वागत स मान किया गया ।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, अभिषेक दुबे, रानू ठाकुर, मनोज नामदेव, अखिलेश खेड़ीकर, अजय ठाकुर, बालमुकुंद बघेल, अंकित मिश्रा, अनिल साहू, मुकेश चंदेल, संजू श्रीवास जी, अनिल ठाकुर, राजा बघेल, अनुराग साहू, मुन्ना दुबे खेरो, एड. मुकेश साहू, अवधेश बघेल, बब्लू सरदार, अर्चित कौशल, सतीश दुबे, आदित्य बंसल, शुभम राजपूत,शशांक अग्रवाल, निकुंज कौशल, सुभाष ठाकुर, अक्षय तिवारी, हेली अग्रवाल, स्वप्निल पटेल, संतोष बघेल, मिक्की अग्रवाल, अनुपम श्रीवास्तव रूपेश साहू दीपक तिवारी यश चंदेल अजय साहू ने कार्यक्रम के समस्त सहयोगियों एवं मंदिर से जुड़े समस्त दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है एवं सिवनी की जनता को कार्यक्रम सफल बनाने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया।

## भाजपा चल समारोह में शामिल दुर्गा उत्सव समितियों एवं व्यायामशाओं का करेगी स मान

सिवनी यशोः- सिवनी नगर के दशहरा चल समारोह में शामिल होने वाली समस्त दुर्गा उत्सव समितियों एवं व्यायामशालाओं का नेहरू रोड में भारतीय जनता पार्टी सिवनी नगर के उत्तर एवं दक्षिण मंडल तथा गरबा समिति के द्वारा संयुक्त रूप से स्वागत किया जायेगा ।

भाजपा नगर दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अभिषेक द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया है कि 24 अे टूबर को सिवनी नगर के ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह की अपनी गरिमा होती है इस गरिमापूर्ण आयोजन को मूर्त रूप देने वाली दुर्गा उत्सव पूजन समितियाँ एवं नगर की गौरवशाली व्यायामशालाओं का भाजपा उत्तर तथा दक्षिण मंडल एवं गरबा उत्सव समिति के द्वारा संयुक्त रूप से नेहरू रोड आशीर्वाद कले शन के सामाने स्वागत किया जायेगा । कार्यक्रम में भाजपा के समस्त जिला पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्त्ताओ से उपस्थिती की अपील की गयी है ।

### जबरन नॉलेज




### अवकाश सूचना

आज 24 अे टूबर को दशहरा पर्व के अवसर पर दैनिक यशोन्नति कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः आगामी अंक 26 अे टूबर को प्रकाशित होगा । समस्त सुधि पाठक एवं एजेंट बंधु नोट कर लें ।

## व्यय प्रेक्षकों द्वारा जिलास्तरीय व्यय निगरानी दल की बैठक लेकर निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की गई, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-115 सिवनी एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 117 लखनादौन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मनिंदर कुमार एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 114 बरघाट एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 116 केवलारी के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री पवार स्वप्निल साहेबराव द्वारा सोमवार 23 अे टूबर को जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय व्यय निगरानी दल की बैठक लेकर जिलास्तरीय दल द्वारा किए जा रहे निर्वाचन कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरह प्रेक्षकों द्वारा पुलिस, आयकर विभाग, जीएसटी तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन कार्यो की समीक्षा की गई। उन्होंने समीक्षा उपरांत निर्वाचन के लिए जिलास्तरीय तैयारियों को लेकर संतोष व्यक्त किया गया।

उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्यो को पूरी जि मेदारी से तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह आयोग एवं वरिष्ठ कार्यालयों को भेजी जाने वाली रिपोर्ट को भी समय सीमा में प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कले टर एवं अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी सी एल चनाप, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखादल प्रभारी, स्थैतिक निगरानी दल (रात्रि कालीन दल प्रभारी अधि.), उडन दस्ता प्रभारी अधिकारी, वीडियो निगरानी दल प्रभारी अधिकारी, वीडियो अवलोकन दल प्रभारी अधिकारी, स्ट्स्ट्ट दल प्रभारी अधिकारी एवं कॉल सेन्टर दल प्रभारी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में किया सघन जनसंपर्क

### भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने समस्त ग्रामों में विराजित माँ दुर्गा जी की प्रतिमाओं का भ्रमण कर दर्शन किया



छपारा यशोः- भारतीय जनता पार्टी के केवलारी विधानसभा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ग्राम सरेखा टोला से जनसंपर्क अभियान आरंभ किया,समस्त ग्रामो में जनसंपर्क के दौरान राकेश पाल सिंह ने ग्राम के बुजुर्गों से चरणबंदन कर जीत का आशीर्वाद लिया। केवलारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडल छपारा से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह प्रातः 11:00 बजे ग्राम सरेखा टोला से जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर 11:30 बजे महुआ टोला, धाधर टोला, ़कोडिया माल, ़सालीवाडा,़बजे अकलमा,मोहली, सागर, ताखला, गंगई रैयत, गंगई बंजर, सुकरी, मसूर भावरी, गोरखपुर,कड़वी, सरंडिया, माहलनवाडा खुर्शीपार पहुँचे तथा ग्रामीणों से मिलकर कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समस्त ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान मुलाकात कर भाजापा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुऐ कहा 2018 में आपने मुझे अपने सेवक के रूप में वोटों के माध्यम से चुना था।आगे मुझे आप अपनी सेवा करने का एक बार ओर मौका प्रदान करे। भारतीय जनता पार्टी गरीबों की पार्टी है।जो अंतिम झोर में बैठे व्यक्ति की सेवा करने का संकल्प लेकर चलती हैं। रात्रि के समय भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओ के साथ गाजे बाजे संग समस्त ग्रामों में विराजित समिति दुर्गा पंडाल में जाकर माँ के दर्शन कर पूजन किया।इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व समर्थकगण उपस्थित रहेंगे।

## 23 अ टूबर को 2 अ यार्थी द्वारा जमा किया गया नाम निर्देशन पत्र

सिवनी यशोः- सोमवार 23 अे टूबर 2023 को कुल 2 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 115- सिवनी में अ यार्थी दिनेश राय द्वारा (दल सहबध्दता- भारतीय जनता पार्टी) एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 114 बरघाट से अ यार्थी अर्जुन सिंह काकोड़िया द्वारा (दल सहबध्दता- इंडियन नेशनल कांग्रेस) से अपना नाम निर्देश पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है। इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र 115 सिवनी कुल 5 नाम निर्देशन पत्र अ यार्थियों द्वारा लिए गए हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 114- बरघाट में 1, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-116 केवलारी में कुल 3 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 117- लखनादौन में 3 नाम निर्देशन पत्र अ यार्थी द्वारा लिया गया है।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है दशहरा

**रावण दहन के लिए शुभ मुहूर्त**

**मंगलवार की शाम को 06:35 से लेकर 08:30 के बीच में रावण दहन किया जाएगा.**



**दशहरा का त्योहार नौ दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्रि के खत्म होने के अगले दिन बाद मनाया जाता है...हिंदू पंचांग के अनुसार दशहरा अश्विन माह के शु ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा?**

दशहरा पर रावण दहन के लिए प्रदोष काल मुहूर्त सबसे उत्तम माना जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार अश्विन माह के शु ल पक्ष की दशमी तिथि की शुरुआत 23 अे टूबर 2023 को शाम 05.44 मिनट से 24 अे टूबर 2023 को दोपहर 03.14 मिनट तक रहेगी. पंचांग के अनुसार इस साल विजयादशमी का पर्व 24 अे टूबर 2023 को मनाया जाएगा. इस दिन शाम को 06:35 से लेकर 08:30 के बीच में रावण दहन किया जाएगा.

**दशहरा पर होता है शस्त्र पूजन**

दशहरा पर शस्त्र पूजन एक दिन पहले किया जाता है. हिंदू धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक भगवान राम ने भी रावण का वध करने से पहले देवी दुर्गा और शस्त्र का पूजन किया था. दशहरे पर विजय मुहूर्त पूजन के लिए श्रेष्ठ है. दशहरे के दिन विजय मुहूर्त दोपहर 02.04 से दोपहर 02.49 मिनट तक रहेगा. दशहरे पर शस्त्र पूजन- 23 अे टूबर 2023-दोपहर 01.58 से दोपहर 02.43 मिनट तक शुभ मुहूर्त है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विजयादशमी की पूजा कभी भी अभिजीत, विजयी और अपराह्न काल में की जाती है.

**दशहरा का महत्व**

विजयदशमी का ये पर्व अश्विन मास के शु ल पक्ष की दशमी तिथि को आता है. दशहरा नवरात्रि खत्म होने के अगले दिन मनाया जाता है. दशहरा का पर्व असत्य की सत्य पर जीत का पर्व है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान राम ने रावण का वध करने से पहले शस्त्र पूजन किया था. विजयादशमी पर पान खाना, खिलाना मान-स मान, प्रेम और विजय का सूचक माना जाता है. दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन और भगवान शिव से शुभफल की कामना करने से जीवन में भाग्योदय,धन-धान्य एवं सुख-समृद्धि मिलती है.

# ओम वैली पर बसा है भोपाल - पूजा स सेना

## सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए आत्मबोध को जागृत करना आवश्यक - हेमंत मुक्तिबोध




भोपाल। अर्चना प्रकाशन की स्मारिका 'अमृतकाल में सांस्कृतिक पुनर्जागरण' के विमोचन समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत मुक्तिबोध ने कहा कि हमारे देश को तोड़ने के लिए वर्षों से नकारात्मक नैरेटिव स्थापित किए गए हैं। हिंदुत्व और हिन्दू संस्कृति को जातियों के आधार में बाँटा गया। हमें इससे मुक्त होने की आवश्यकता है। आक्रान्तों के आने पर हमारे विश्वविद्यालय एवं ज्ञान केंद्र नष्ट हुए। हम उपनिवेश की मानसिक दासता के शिकार भी हुए। नई पीढ़ी को असल भारत की बात पहुंचाएं, इससे उनमें आत्मबोध जागृत होगा। भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण करने के लिए आत्मबोध को जागृत करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर पुरातत्वविद् पूजा से सेना ने भोपाल की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर अपना वक्तव्य दिया और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश अशोक पाण्डेय ने की। विश्व संवाद केंद्र के 'मामाजी माणिकचंद्र वाजपेयी सभागार' में आयोजित विमोचन समारोह में 'सांस्कृतिक पुनर्जागरण- महत्व एवं हमारी भूमिका' विषय पर मु य वक्ता श्री मुक्तिबोध ने कहा कि विभिन्न कारणों से हमारी ज्ञान परंपरा समाप्त हुई है। अब समय आ गया है कि हम एकजुट होकर अपने प्राचीन ज्ञान को वापस लाएं। श्रुति, स्मृति, साहित्य के रूप में उपलब्ध अपने ज्ञान भंडार का अध्ययन करने के लिए संस्कृत भाषा को सीखें। यह धैर्य और अनुशासन से किया जानेवाला कार्य है। इसके लिए अनेक बुद्धिजीवियों को ध्येय के रूप में इसे स्वीकार करके अपना पूरा समय भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन में देना होगा। इसके लिए उन्होंने प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक धर्मपाल का उदाहरण दिया, जिन्होंने ब्रिटिश दस्तावेजों का अध्ययन करके दस महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की है। धर्मपाल का यह साहित्य भारतीय ज्ञान-परंपरा को सामने लाने में महान भूमिका निभाता है। श्री मुक्तिबोध ने कहा कि हम सभी मिलकर समाज में लोकशक्ति का जागरण करें। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए वर्तमान में सातत्य के साथ साधना करना चाहिए।

**सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अग्रदूत हैं जगद्गुरु आदि शंकराचार्य**

उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य द्वारा भारत में राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण हेतु धर्म, साधना के माध्यम से सांस्कृतिक तंतुओं के माध्यम के एकत्रित किया। उन्होंने समाज जागरण हेतु देशभर में घूमकर कर्म योग की स्थापना की। ज्ञान, कर्म, भक्ति ही सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए आवश्यक है। वर्तमान में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए हुए मंदिरों के निर्माण इत्यादि का महत्व बताकर उन्होंने काशी लोक, महाकाल लोक, जगह-जगह तैयार हुए मंदिर, करतारपुर कॉरिडोर इत्यादि का निर्माण होने से सांस्कृतिक पुनर्जागरण में गति मिलने की बात कही। वे बोले समाज को स्वयं में सांस्कृतिक दृष्टि में सकारात्मक परिवर्तन लाकर कार्यों को प्रधानता देनी चाहिए। हम सभी को लोकशक्ति का जागरण करना जरूरी है।

**दोस्त मोह मद ने नहीं बनवाया था फतेहगढ़ का किला - पुरातत्वविद पूजा स सेना**

विशिष्ट वक्ता पुरातत्वेत्ता पूजा से सेना ने भोपाल की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर अपने भाषण में कहा कि भोपाल का इतिहास सिर्फ 200 वर्ष पुराना नहीं है। आज से हजारों वर्षों पुरानी हमारी स यता यहाँ मिली है। वर्षों पुराने भीमबैठक, ताम्रपाषाण पत्रिकाएं इत्यादि यहाँ हैं। ऐशबाग स्टडियम में लगा स्त भ की स्थापत्य शैली मौर्यकालीन है, जो लगभग 2300 वर्ष पुराना है। 1500 वर्ष पुरानी लिपि इस पर अंकित है। उन्होंने कहा कि भोपाल ओम घाटी पर बसा हुआ है। गूगल अर्थ में जाकर कोई भी इसकी पुष्टी कर सकता है। राजाभोज ने ओम वैली को मंदिर की जगती ( मंदिर निर्माण का धरातल ) के रूप में बना दिया था। भोपाल और उसके आसपास अब भी कई मंदिरों के होने के प्रमाण मिलते हैं। राजा भोज ने 9 नदियों को मिलाकर भीमकुण्ड बनवाया था जो कि वर्तमान भोपाल ताला से कई गुना विशाल था। इसे भरने में 5 वर्ष का समय लगा। उन्होंने देश-दुनिया में भोज की हाइड्रोलॉजी की सराहना की।

फतेहगढ़ के किले के बारे में फैले भ्रम पर उन्होंने कहा कि फतेहगढ़ का किला दोस्त मोह मद ने नहीं बनवाया बल्कि यह पहले से बना हुआ है। वहां उपस्थित ढाई सीढ़ी की मस्जिद असल में सैनिकों के विश्राम का स्थल था। विदिशा से नर्मदापुरम की ओर जाने पर अनेक स्थल, गोण्डारमऊ महर्षि पतंजलि की तपोस्थली है, सांची, उदयगिरि, प्रतिहार कालीन मंदिर आशापुरी में 23 मंदिर इत्यादि भोपाल के क्षेत्र में रहे हैं। उन्होंने कहा भोपाल के कमला पार्क और शीतलदास की बगिया में मिले साक्ष्यों के आधार पर कह सकते हैं कि परमार काल का मंदिर रहा होगा। उन्होंने होशंगशाह और दोस्त मोह मद द्वारा भोपाल को नष्ट करने वाले विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने स्थापित किया कि भोपाल हिन्दू संस्कृति का केंद्र रहा है।

**बौद्धिक जगत में प्रहार से बचना हमारी जि मेदारी- अशोक पाण्डेय**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व न्यायाधीश अशोक पांडेय ने बौद्धिक जगत में प्रहार करने वालों की हरकतों से परिचित कराया। उन्होंने जे स स्टुअर्ट मिल और मैकाले जैसे विदेशी लेखकों द्वारा देश में भ्रम फैलाने की बात पर प्रकाश डालते हुए उनके ऊपर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा अंग्रेजों के समय में मन को दूषित करने का कार्य किया गया। हमारी मान्यताओं को समाप्त करने, ज्ञान पर परा की गलत व्या या की गई। हमें सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए अपनी संस्कृति से जुड़ने, गर्व करने व जानने की बात पर जोर देते हुए आने वाली पीढ़ियों को सौंपना है। अपनी बात में उन्होनें हिन्दू पॉलिटि, हिन्दू केमेस्ट्री आदि पर प्रकाश डाला।

**भारत की स्वतंत्रता के साथ जुड़ा है सांस्कृतिक पुनर्जागरण - लोकेन्द्र सिंह**

अर्चना प्रकाशन की स्मारिका 'अमृतकाल में सांस्कृतिक पुनर्जागरण' के संपादक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि जब-जब देश स्वतंत्र होता है, तब देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की लहर चलती है। देश की स्वतंत्रता के बाद जब देश में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की बात चल रही थी, तब सरदार पटेल ने कहा था- ÷जबङ्कजब भारत स्वतंत्र हुआ है, तबङ्कतब सोमनाथ की अट्टालिकाओं ने गगन को छुआ है÷। लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि आज भारत में काशी विश्वनाथ मंदिर के विस्तार से लेकर उज्जैन के महाकाल लोक तक, जो सांस्कृतिक भव्यता के शिखर कलश दिख रहे हैं, उसके पीछे भारत की औपनिवेशिक मानसिकता से स्वतंत्रता है। कार्यक्रम के आखिर में आभार ज्ञापन अर्चना प्रकाशन के अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने किया और कार्यक्रम का संचालन विभोर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक एवं लेखक उपस्थित रहे।

# 30 सालों बाद मजदूरों को जागी हक का पैसा मिलने की उ मीद, निकले खुशियों के आंसू



इंदौर। इंदौर में 30 साल पहले बंद हुई हुकमचंद मिल के श्रमिकों की 1641 वीं बैठक खुशियों भरी रही। जैसे ही श्रमिक नेता नरेंद्र श्रीवंश ने बैठक में बताया कि मजदूरों और उनके परिवारों को ब्याज सहित 218 करोड़ रुपये मिलेंगे और इसकी प्रक्रिया भी जल्दी ही शुरू होने जा रहा है। यह सुनते ही झुरियों से भरे श्रमिकों के चेहरे पर चमक आ गई और मुस्कान खिल उठी। श्रमिक परिवार की कुछ महिलाएं भी बैठक में शामिल थीं। उनमें से कुछ की आंखों में खुशी के आंसू भी नजर आए। वर्षों से श्रमिक इस इंतजार में इस बैठक में आते थे कि कभी तो उनके हक में फैसला आएगा। दरअसल हाल ही में हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से ब्याज सहित राशि देने के दस्तावेज पेश किए गए और बताया गया कि जल्दी ही मजदूरों को उनका पैसा दिया जाएगा।

हुकमचंद मिल मजदूर कर्मचारी अधिकारी के अध्यक्ष नरेन्द्र श्रीवंश ने बताया कि हुकमचंद मिल के श्रमिकों की ऐतिहासिक जीत हुई है। देश की अन्य किसी भी कपड़ा मिल मे इतना बड़ा लेम नहीं मिला। यह हमारी मेहनत की जीत है, योकि श्रमिकों ने लगातार संघर्ष जारी रखा। बैठक में बताया गया कि दो साल पहले 62 करोड़ रुपये मिल मजदूरों को मिले थे और अब ब्याज सहित 218 करोड़ रुपये और मिलेंगे। गृह निर्माण मंडल इस जमीन पर प्रोजे ट को मूर्त रुप देगा।

**दो हजार से ज्यादा मजदूरों की मौत**

हुकमचंद मिल 30 साल पहले बंद हुई थी। वर्षो तक मजदूरों को उनके हक का पैसा मिल प्रबंधन ने नहीं दिया। श्रमिकों ने कोर्ट में लड़ाई लड़ी। 30 सालों में 2 हजार से ज्यादा श्रमिकों की मौत हो गई और 60 से ज्यादा श्रमिकों ने आत्महत्या कर ली। जो मजदूर मर गए, उनके परिवारों ने भी श्रमिकों की लड़ाई में साथ दिया और हर रविवार मिल परिसर में होने वाली बैठक में वे आते रहे। चाहे गर्मी हो या बरसात, श्रमिकों की बैठक का सिलसिला कभी नहीं टूटा।

**42 एकड़ जमीन है मिल की**

हुकमचंद मिल की 42 एकड़ जमीन है। पहले मिल की जमीन बिकने की कोशिश हुई, लेकिन कोई खरीददार आगे नहीं आया। फिर सरकार ने मिल की जमीन पर अपना हक जताया और कोर्ट में श्रमिकों को उनका पैसा देने की बात कही। मिल पर श्रमिकों के अलावा कुछ बैंकों का भी बकाया है। जिसे सरकार चुकाएगी।हाऊसिंग बोर्ड के अफसर मिल की जमीन देख चुके है। अगले साल इस जमीन पर प्रोजे ट आकार लेने लगेगा।

# भाजपा में भी करीबियों को टिकट दिलाने में कामयाब रहे सिंधिया



भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पांचवी सूची जारी कर दी है। इस सूची में कोई चौंकाने वाला नाम नहीं है। इस लिस्ट में सबकी नजरें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर थी। लेकिन, उनका नाम इसमें भी शामिल नहीं था। हालांकि, सिंधिया गुना-शिवपुरी संसदीय सीट की 8 विधानसभा सीटों में से बमोरी, अशोकनगर, मुंगावली और कोलारस समेत चार सीट पर अपने समर्थक नेताओं को टिकट दिलाने में कामयाब रहे। ग्वालियर-चंबल संभाग, मालवा, निमाड़ आदि मध्यप्रदेश के दूसरे हिस्से को भी मिला दें तो सिंधिया समर्थक 28 मंत्री-विधायकों में से 22 को भाजपा ने टिकट दे दिया है।

**ओपीएस भदौरिया का टिकट कटा**

पार्टी ने सिंधिया समर्थक और भिंड की मेहगांव सीट से मौजूदा विधायक और नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पूर्व विधायक राकेश शु ला को प्रत्याशी बनाया गया है। 2018 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर ओपीएस भदौरिया ने भाजपा प्रत्याशी राकेश शु ला को 25,814 वोटो से हराया था। बाद में ओपीएस भदौरिया सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

# होमगार्ड सैनिकों को हाईकोर्ट से राहत, दो माह का कॉल-ऑफ देने पर अंतरिम रोक

मप्र हाईकोर्ट से दो होमगार्ड सैनिकों को राहत मिली है। जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने आवेदकों को दो माह का कॉल-ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगा दी है। युगलपीठ ने होमगार्ड सैनिकों को सेवा जारी रखने की अनुमति दिए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उक्त प्रकरणों को भी संबंधित प्रकरणों के साथ लिंक किए जाने के निर्देश दिए हैं।

ये मामले सीहोर के मणिकांत शर्मा और नर्मदापुरम के आरबी धुर्वे की ओर से दायर किया गया है। इसमें कहा गया कि उन्हें एक अे टूबर से 30 नवंबर 2023 तक का कॉल ऑफ दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर तीन साल में दो माह का कॉल ऑफ कर दिया है। दरअसल वर्ष 2011 में हाईकोर्ट ने होमगार्ड सैनिकों के मामले में मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्ड्स की सेवा नियम बनाएं एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2016 में नियम बनाए और आदेश के विपरीत पुन- एक वर्ष में दो माह का बाध्य कॉल ऑफ का प्रावधान रख दिया, जिस पर यह मामला दायर किया गया।

# कोतवाली पुलिस 4.5 करोड़ की ठगी के आरोपी को पकड़ा

**टोला प्लाजा के नाम पर लगाता था चूना**

भोपाल। कटनी पुलिस ने टोला प्लाजा के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिर तार किया है। आरोपी द्वारा अब तक आधा दर्जन लोगों को ठगी का शिकार बनाते हुए साढ़े 4 करोड़ रुपये हड़पे हैं, जिसकी शिकायत मिलते ही कटनी कोतवाली पुलिस ने पातसाजी कर उसे कटनी लाया गया है। बता दें, आरोपी द्वारा एमपी, यूपी के कईयों जिलों में लोगों को टोल प्लाजा में ज्यादा फायदे का लुभावन देकर उनसे पैसे लेकर फरार हो जाता था।

जानकारी के मुताबिक आरोपी सुजीत सिंह द्वारा एस.एन. इंटरप्राइजेज के फर्जी पत्र के नाम पर अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है, जिसमें एमपी के कटनी जिले निवासी बसंत यादव से 1.5करोड़, जितेंद्र जायसवाल से 85 लाख, साकेत अग्रवाल से 30 लाख, वहीं, सीधी जिले में 30 लाख का चेक बाउंस का एक प्रकरण न्यायालय में चल रहा है। कुछ इसी तरह की ठगी आरोपी द्वारा उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ निवासी रोशन सिंह से करते हुए एक करोड़ लिए, कठौता जिला निवासी शशिभूषण मिश्रा से 60 लाख लेकर फरार हो गया। हालांकि यूपी की मथुरा पुलिस ने लोगों के साथ टोल प्लाजा के नाम धोखाधड़ी करने वाले इस नटवर लाल को गिर तार कर जेल भेज दिया था।

हालंकि आरोपी के पास से पुलिस को एक रुपए भी नहीं मिला। घर हो या बैंक अकाउंट शून्य दर्शा रहा है। कोतवाली टीआई आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि धोखाधड़ी के आरोपी सुजीत सिंह को पांच दिनों की रिमांड पर रखा गया है। जिसने पूछताछ पर अपना जुर्म कबूलते हुए बताया कि उसके द्वारा पैसों का उपयोग चाचा शैलेंद्र सिंह को दिया गया लेकिन चाचा चाची और भजीती ने उसे पहचानने से ही इंकार कर दिया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने आरोपी सुजीत सिंह को न्यायालय में पेश किया है। वहीं कोतवाली पुलिस के बेहतर कार्य के लिए एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने टीआई आशीष कुमार शर्मा सहित पूरी टीम पुरस्कृत करने की बात कही है।

# मुरैना-ग्वालियर की सीमा पर पकड़ाया 500 के नोटों का जखीरा

ग्वालियर। मुरैना से आकर ग्वालियर की सीमा में घुस रहा बाइक सवार चैकिंग के दौरान पुलिस के हाथ लग गया। बाइक सवार के पास मिले बैग की तलाशी ली तो पुलिस के भी हाथ पांव फूल गए। बैग में 1000 के नोटों की 41 गड्डियां तथा 500 के नोटों की 12 गड्डियां रखी थीं। 53 गड्डियों के रूप में बरामद 47 लाख रुपए के संबंध में जब पुलिस ने पूछताछ की तो बाइक सवार न तो कोई दस्तावेज दिखा सका और न ही कोई संतोषजनक जबाव दे पाया। हैरत की बात तो यह थी कि यह सभी नोट वही थे जो वर्ष 2016 में नोटबंदी के दौरान बंद हो चुके हैं। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है।

# दशहरा पर नीलकंठ पक्षी का दर्शन करना भी अत्यंत शुभ होता है



भोपाल। इस साल 24 अक्तूबर को दशहरा यानी विजयादशमी है। मान्याता है कि त्रेतायुग में आश्विन मास की शु ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन प्रभु श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को उसके चंगुल से आजाद किया था। तब से हर साल इस दिन रावण के पुतले का दहन किया जाता है। दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। दशहरे के पर्व को लेकर कई तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार इस दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन करना भी अत्यंत शुभ होता है। कहते हैं कि दशहरा के दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन से आपके सभी बिगड़े काम सही हो जाते हैं और जीवन में सुख समृद्धि भी आती है। ऐसे में चलिए जानते हैं दशहरा के दिन नीलकंठ का दर्शन करना `यों शुभ माना गया है और इससे जुड़ी पौराणिक मान्यता` या है...

**नीलकंठ पक्षी के दर्शन का महत्व**

हिंदू धर्म में नीलकंठ पक्षी को बेहद शुभ माना जाता है। दशहरा के दिन इसके दर्शन होने से धन और संपत्ति में बढ़ोतरी होती है। मान्यता है कि दशहरा के दिन किसी भी समय नीलकंठ पक्षी दिख जाए तो इससे घर में खुशहाली आती है और वहीं आप जो भी काम करने जा रहे हैं उसमें सफलता मिलती है।

**दशहरा पर नीलकंठ के दर्शन यों शुभ?**

पौराणिक मान्यता के अनुसार जब भगवान श्री राम रावण का वध करने जा रहे थे तो उस दौरान उन्हें नीलकंठ पक्षी के दर्शन हुए थे। इसके बाद भगवान श्री राम को रावण पर विजय प्राप्त हुई थी। इसके अलावा कहा जाता है कि रावण का वध करने के बाद भगवान राम को ब्राह्मण हत्या का पाप लगा था। भगवान श्रीराम ने उस पाप से मुक्ति पाने के लिए शिवजी की आराधना की थी। मान्यता है कि श्रीराम को इस पाप से मुक्ति दिलाने के लिए शिव जी ने नीलकंठ पक्षी के रूप में दर्शन दिया था। तभी से दशहरे के दिन नीलकंठ के दर्शन की परंपरा है। इस दिन नीलकंठ का दिखना शुभ माना जाता है।

**नीलकंठ पक्षी दिखने पर जपें ये मंत्र**

**%कृत्वा नीराजनं राजा**
**बालवृद्धयं यता बल ।**
**शोभनम खंजनं**
**पश्येज्जलगोगोष्ठसंनिघौ।।**
**नीलग्रीव शुभग्रीव**
**सर्वकामफलप्रद।**
**पृथ्वियामवतीर्णोसि खच्चरीट**
**नमोस्तुते।।**

**या है नीलकंठ का अर्थ?**

नीलकंठ अर्थात जिसका गला नीला हो। धर्म शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव ही नीलकंठ हैं। इसी कारण से इस पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि और स्वरूप दोनों माना जाता है। मान्यता है कि दशहरा पर भगवान शिव नीलकंठ पक्षी का रूप धारण कर विचरण करते हैं। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति को दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन होते हैं तो इसे शुभ माना जाता है।

# दशहरे से पहले ही रावण फूंका, शरारती तत्वों ने दिया घटना को अंजाम

**पंजाबी हिंदू संगठन के पदाधिकारी के द्वारा पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की गई है जिसके बाद मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवकों की तलाश की जा रही है।**



जबलपुर। जबलपुर के ग्वारीघाट आयुर्वैदिक कॉलेज ग्राउंड में पंजाबी हिंदू संगठन के द्वारा प्रत्येक वर्ष दशहरे का आयोजन किया जाता है। यहां पर दशहरा में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के 60 फीट ऊंचे पुतलों को दशहरा के दिन जलाया जाता है। लेकिन यहां पर किसी शरारती युवकों के द्वारा रावण और कुंभकरण के पुतले को जलाने की कोशिश की गई जिसके बाद पंजाबी हिंदू संगठन के जनसंपर्क प्रभारी उमेश शर्मा के द्वारा पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की गई।

**सीसीटीवी फुटेज भी खंगालें जा रहे**

पुलिस ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताएं कि पंजाबी हिंदू संगठन के पदाधिकारी के द्वारा पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की गई है जिसके बाद मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवकों की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगालें जा रहे हैं इसके अलावा रावण बनाने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का मानना है कि किसी अज्ञात शरारती तत्वों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है।

दैनिक यशोन्नति



## महाकाली मंदिर में 56 भोग, जवारे विसर्जन व भंडारा संपन्न

सिवनी यशोः- कटंगी रोड स्थित माता महाकाली मंदिर में शारदेय नवरात्र महापर्व की नवमीं तिथि सोमवार को माता के भक्तों द्वारा 56 भोग अर्पित किया गया। सोमवार को ही मंदिर में रखे जवारे ज्योति कलशों विर्सजन हेतु भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इसके साथ ही मंदिर परिसर में कन्या भोज के उपरांत भण्डारा प्रसाद का वितरण किया गय। मंदिर में नवरात्र पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। मंदिर में अष्टमी तिथि पर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हवन किया गया। मंदिर में सप्तमी तिथि पर माता का भारतीय मुद्रा से श्रृंगार किया गया, भक्तों ने मंदिर की 108 परिक्रमा कर पुण्य संचय किया।

## भाजपा विकास और गरीब कल्याण को लेकर चुनाव में उतरी है - विष्णुदत्त शर्मा

***भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश मीडिया प्रभारी ने इंदौर संभागीय मीडिया सेंटर का किया शुभारंभ**

***सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं और संगठन द्वारा जनता के लिए किए परिश्रम को जनता तक पहुंचाने का कार्य मीडिया सेंटर बखूबी करेगा**

इंदौर- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल ने आज इंदौर के अभय प्रशाल स्थित पार्टी के संभागीय मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया। विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद फीता काटकर मीडिया सेंटर का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा गरीब कल्याण, विकास और सुशासन को लेकर विधानसभा चुनाव में उतरी है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कराया है। सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं और पार्टी संगठन द्वारा जनता के लिए किए गए परिश्रम को



जनता तक पहुंचाने का कार्य मीडिया सेंटर बखूबी करेगा।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में ही नहीं अन्य सभी चुनावी राज्यों में भी अनुभवी और युवा प्रत्याशियों के साथ हमारी पार्टी प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास और गरीब कल्याण के कार्य ही चुनाव का आधार हैं। 2003 का मध्यप्रदेश और आज का मध्यप्रदेश जनता के सामने है। हमारी सरकार से हर गरीब खुश है। 1 करोड़ 36 लाख लोग गरीब रेखा के उपर आए हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा मध्यप्रदेश का विधानसभा ऐतिहासिक बहुमत के साथ जीतेगी, यह निश्चित है।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता श्री कृष्ण मुरारी मोघे, वरिष्ठ नेता श्री बाबू सिंह रघुवंशी, श्री गोपी कृष्णा नेमा, इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी, आईडीए अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, नगर अध्यक्ष श्री गौरव रणदिवे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री दीपक जैन टीनू, प्रदेश प्रवक्ता श्री गोविंद मालू, प्रदेश प्रवक्ता श्री नरेंद्र सलूजा, श्री आलोक दुबे, विधायक प्रत्याशी श्री गोलू शु ला, श्रीमती अंजु माखीजा, श्रीमती उमा शशि शर्मा, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट श्री सुमित मिश्रा, प्रदेश मीडिया टीम के सदस्य श्री प्रेम व्यास मु य रूप से उपस्थित है।

## निर्वाचन तैयारियों की कले टर ने की समीक्षा

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मतदान केद्रों में न्यूनतम आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं समस्त मु य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत, डीपीसी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र में आयोग के दिशा निर्देशानुसार बिजली, पानी, शौचालय, रैंप सहित अन्य जरूरी व्यवस्था तत्काल पूर्ण की जाए।

उन्होंने शनिवार 21 अे टूबर से विधानसभा मु यालयों में प्रारंभ होने वाली नामांकन प्रक्रिया की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए विस्तृत दिशा निर्देश सभी रिटर्निंग अधिकारियों को दिए। उक्त बैठक में अपर कले टर श्री सीएल चनाप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना जाट सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## स्वीप पॉइंट बनाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु किया गया प्रोत्साहित

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु सतत विविध गतिविधियों का आयोजन कर सभी वर्ग के मतदताओं मतदान दिवस 17 नव बर को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में महिलाओं द्वारा स्वीप पॉइंट बनाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी ने बखारी मंडलम में किया जनसंपर्क

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा के कांग्रेस के युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी का जनसंपर्क बखारी मंडलम क्षेत्र में हुआ। जनसंपर्क के दौरान युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी ने कहा कि आप मेरे लिए एक महीने चलिए मैं आपके लिए 05 साल चलूंगा यह वादा एक बेटे का आप लोगो से है। आज जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी ने कहा की कांग्रेस सरकार हमेशा से हर वर्ग और हर व्यक्ति के विकास के लिए सोचती है और मौका मिलने पर काम भी करती है। 2018 के चुनाव में प्रदेश की जनता ने कमलनाथ को अपना आशीर्वाद देकर सेवा का मौका दिया था लेकिन सत्ता के लिए भाजपा ने कमल नाथ जी की ईमानदार सरकार को गिराने षड्यंत्र रचा और मात्र 18 महीने में ही कमलनाथ की सरकार को गिरा दिया जिसका बदला लेने का मौका भी आ गया है कमलनाथ जी की सरकार आप लोगों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपने पिछले 10 सालों से सिवनी विधानसभा में ` या विकास देखा है यह आप लोगों



से छुपा नहीं है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र के बजाए वचन पत्र जारी किया है।और वचन वही देता है जो अपने वादों का पक्का हो। कमल नाथ जी वादों के पक्के है। यदि 2018 में कांग्रेस की सरकार पूरे 05 साल रहती तो प्रदेश में विकास के कई अध्याय लिखे जाते। आनंद पंजवानी ने कहा की अभी भाजपा ने प्रदेश में अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं किया और कमल नाथ ने ना केवल प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया बल्कि अपना वचन पत्र भी जारी कर दिया।

आनंद ने कहा की लंबे समय से हमारे किसान भाई बिजली पानी की समस्या से जूझते रहे है जिनकी परेशानी को समझते हुए कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में किसानों को सिंचाई एवं सडक़ का अधिकार दिया है। कांग्रेस का वचन है कि जहां 70 लाख हे टेयर असिंचितभूमि सिंचाई के लक्ष्य हेतु नये बांध बनायेंगे एवं पुराने बांधो की जलग्रहण क्षमता बढ़ायेंगे। नहरों के पास तालाबो को भरकर पानी की व्यवस्था की जाएगी एवं नई नहरें बनाकर सिंचाई का रकबा बढ़ाया जायेगा। कांग्रेस ने अपने वचनपत्र में यह भी उल्लेख किया है कि सिंचाई जल उपभोक्ता समितियों को पुनरू सक्रिय कर अधिक संपन्न बनाया जायेगा। मेरा तालाब मेरा खेतए मेरा कुआं.मेरा खेतए मु यमंत्री नाला सिंचाई योजनाए प्राचीन तालाबो का जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण किया जायेगा ताकि किसानों को पानी की समस्या से ना जूझना पड़े। बिजली के लिए भी कांग्रेस सरकार के द्वारा इंदिरा किसान ज्योति योजना प्रारंभ की जाएगी। सिंचाई प्रयोजन के लिए 5 हार्सपावर तक निरूशुल्क बिजली प्रदान की जाएगी तथा 10 हार्सपावर तक के सिंचाइ पंप के बिलो मे 50 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। कृषि के पुराने बिलों को माफ किया जायेगा एवं कृषि प्रयोजन के विद्युत संबंधी झूठे प्रकरण वापस लेंगे। कांग्रेस की सरकार किसानों की सरकार होगी इसलिए आप अपने बेटे को आर्शीवाद देकर कमलनाथ का हाथ मजबूत करें।

आज आनंद पंजवानी ने कांग्रेस के संगठन मंत्री पंकज शर्मा, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवम जिला पंचायत के उपाध्यक्ष ब्रजेश उर्फ लल्लू बघेल, जनपद सदस्य अप्पू ठाकुर सहित सैकड़ें बुजुर्गो युवाओं, वरिष्ठ कांग्रेस जन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, विभाग,प्रकोष्ठ, मोर्चा संगठन, मंडलम, से टर, बूथ बीएलए सहित बड़ी सं या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चंदौरी, चंदौरीखुर्द, नकटिया, सागर, जटलापुर, पोतलपानी, औरिया, औरिया रैयत, पिपरिया, समनापुर, गुढ़ी, चारगांव, लामटा, बकौड़ी, बा हनवाड़ा, बखारी में जनसंपर्क किया।

## अवैध रूप से शराब की सप्लाई करने वाला आरोपी गिर तार

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी.डी.शर्मा,एसडी ओपी सिवनी पुरूषोत्तम सिंह मरावी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. राजेश कुमार दुबे व्दारा लगातार प्रभावपूर्ण कार्यवाही की जा रही है, दिनाँक 14.10.2023 को रात्री में भी थाना प्रभारी बंडोल व्दारा मुखबिर सूचना पर थाना स्टाफ के साथ कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल राजपूत पिता नरेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 27 साल निवासी ग्राम रनबेली थाना बंडोल को 06 पेटी अग्रेंजी व देशी शराब के साथ गिर तार किया है। आरोपी ने पुछताछ पर नितिन यादव निवासी सिवनी व्दारा शराब लाकर देना बताया है। दोनो आरोपी गणो के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी ऐ ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी राहुल राजपूत को न्यायालय पेश किया गया न्यायालय व्दारा जैल वारंट बनाये जाने पर जिला जेल सिवनी मे दाखिल कराया गया है। प्रकरण के फरार आरोपी मूल शराब सप्लायर



नितिन यादव पिता मिलन यादव उम्र 35 साल निवासी नागराज चोक तहसील के पास उमरेठ जिला छिन्दवाडा को आज दिनाँक 23.10.2023 गिर तार किया गया जिसके कब्जे से विधि स मत तरीके से 01 पेटी गोआ अंग्रेजी शराब जप्त की गई है। उक्त शराब की ब्रांड और आरोपी राहुल राजपूत के कब्जे से जप्त शराब की ब्रांड एक ही है, आरोपी नितिन यादव को माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय के आदेश पर जिला जेल सिवनी मे दाखिल किया गया है। वर्तमान मे दोनो आरोपी राहुल और नितिन जिला जेल सिवनी में है। प्रकरण के अन्य विन्दुओ पर विवेचना जारी है।

गिर तार आरोपी (1) नितिन यादव पिता मिलन यादव उम्र 35 साल निवासी नागराज चोक तहसील के पास उमरेठ थाना उमरेठ जिला छिन्दवाडा

जी शराब– 06+01 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब कुल 64 लीटर शराब कीमती 28900 रूपये, सराहनीय कार्य– थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. राजेश कुमार दुबे, जसवंत सिंह ठाकुर, अशोक सेन, मायाराम धुर्वे, प्र. आर. अमर उइके, नौशाद खेरो, आर. सतीश पाल, नीतेश धुर्वे, राजेश सरयाम, म. आर. प्रिंयका डेहरिया,

## ग्राम लालपुर निवासी युवक की सड़क हादसे में हुई मौत

बरघाट यशोः- बरघाट थाना अंतर्गत गद्दाम नाला के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक नागपुर से टू व्हीलर बाइक ख्रा31 ख्रझ्र7280 से अपने घर ग्राम लालपुर आ रहा था। ग्राम बरघाट के मैली गदम नाला के पास टू व्हीलर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। युवक आनंद बघेल गंभीर रूप से घायल हुआ घायल की मौके पर ही मौत हो गई।बरघाट पुलिस मौके पर पहुंच, मर्ग कायम कर मामले को पुलिस ने जांच में लिया है।



**सिवनी यशोः-सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बखारी में केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के साथ बंडोल थाना प्रभारी राजेश कुमार दुबे ने सबल के साथ आगामी दिनों में होने वाले विधान सभा चुनाव व नवरात्रि पर्व को देखते हुए आचार संहिता का पालन करने को आम जन मानस से अपील करते हुए थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम बखारी में लैग मार्च निकाला**

## कलारात्री गरबा महोत्सव में स्वीप तंबोला का आयोजन

मण्डला यशोः-आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान हेतु मतदाताओं को जागृत करने के लिए कलारात्री गरबा महोत्सव में मतदाता जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने स्वीप तंबोला खेल के माध्यम से मतदान के महत्व को जाना। प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ मतदान क्रिज़ में सहभागिता की। क्रिज में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान गरबा उत्सव में शामिल लोगों द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए मतदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मधु अली, प्राचार्य हाईस्कूल बिंझिया मुकेश पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## पुलिस लाईन बालाघाट में मनाया शहीद स्मृति दिवस, शहीदों के परिजनों का किया गया स मान

### वे जवान थे, काल को भी काल से दिख रहे थे देश के सौभाग्य को अपने खून से लिख रहे थे

**कार्यक्रम के प्रार भ में पुलिस महानिरीक्षक श्री सिंह के द्वारा परेड की सलामी के साथ की गई। परेड की सलामी के बाद शहीदों की सूची का वाचन किया गया।**

बालाघाट। पुलिस लाईन बालाघाट में मनाया शहीद स्मृति दिवस शहीदों के परिजनों का किया गया स मान÷वे जवान थे, काल को भी काल से दिख रहे थेदेश के सौभाग्य को अपने खून से लिख रहे थे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पुलिस लाईन बालाघाट में शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। शहीद समारोह के अवसर पर कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेशचंद्र थपलियाल, कले टर श्री गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, सेनानी हॉकफोर्स श्री मोती उर रहमान, सेनानी 123 वीं वाहिनी सीआरपीएफ श्री मति तेजेन्दर कौर, डीएफओ बालाघाट श्री अभिनव पल्लव, जेएमएफसी श्री विकास विश्वकर्मा, सीईओ जिला पंचायत बालाघाट श्री डीएस रंणदा सहित पुलिस और हॉकफोर्स के समस्त अधिकारी शामिल हुए ।कार्यक्रम के प्रार भ में पुलिस महानिरीक्षक श्री सिंह के द्वारा परेड की सलामी के साथ की गई। परेड की सलामी के बाद शहीदों की सूची का वाचन किया गया। तत्पश्चात् उपस्थित लोगों के द्वारा शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। परेड पील ऑफ की कार्यवाही के पश्चात् शहीदों के परिजनों का स मान शॉल एवं श्रीफल देकर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के औपचारिक समापन के बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा शहीदों के परिजनों से व्यक्तिगत भेंट की गई। शहिदों के परिजनों की अपनी समस्याओं से रूबरू हुये एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में यथोचित कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया

## बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया ने सोमवार को किया पहला नामांकन दाखिल

बरघाट - विधायक एवं बरघाट विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी अर्जुन सिंह काकोड़िया ने सोमवार को शुभ मुहूर्त में अपना पहला नामांकन फार्म परिवार के साथ जाकर जमा किया. वह 30 अे टूबर को पुनः अपने समर्थक, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दूसरा नामांकन फार्म दाखिल करेंगे?



## कांग्रेस के सामने कहीं नहीं टिकता रावण का अहंकार भाजपा ने लालच देकर वोट कभी नहीं मांगा - प्रहलाद पटेल

### आदिवासी समाज ही देंगे दुनिया को भुखमरी से मुक्ति, चुनाव में अन्याय रूपी रावण के वध को तैयार है शक्तिस्वरूपा मातृशक्ति

मंडला यशोः- आजादी के बाद से कांग्रेसियों ने जनता के साथ कैसा व्यवहार किया है, ये शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। इस चुनाव में भी बहुरूपिये कांग्रेसी वादों की लिस्ट लेकर आ रहे हैं, लेकिन पहले इनसे पुराना हिसाब मांगना होगा। कांग्रेस ने 15 महीने की सरकार में या किया, इस पर बहुत अच्छे से विचार करने के बाद फैसला लेना होगा। कांग्रेस के सामने रावण का अहंकार भी कहीं नहीं टिकता। लेकिन इस चुनाव में हमारी शक्तिस्वरूपा मातृशक्ति अन्याय के रावण का वध करने तत्पर है। यह बात केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग एवं जलशक्ति राज्य मंत्री





श्री प्रह्लाद पटेल ने मंडला जिले की बिछिया विधानसभा के ग्राम लफरा में आयोजित कार्यकर्ता स मेलन व जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

**आदिवासियों ने दुनिया को दिया ही है, लिया कुछ नहीं**

केन्द्रीय मंत्री श्री पटेल ने आदिवासियों के धैर्य एवं साहस को प्रणाम करते हुए कहा कि आदिवासियों का चरित्र कभी लालच और वैमनस्यता के आसपास भी नहीं रहा। उन्होंने हमेशा दुनिया को दिया है, लिया कभी कुछ नहीं। श्री पटेल ने कहा कि आज एक बार फिर से इतिहास स्वयं को दोहरा रहा है। आदिवासियों के भोजन को गरीबों का खाना कहकर तिरस्कार करने वाले अब फिर से उसी खाने के लिए आदिवासियों पर आश्रित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि श्री अन्न (कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा) को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में प्रतिष्ठित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासियों की जीवन शैली को वैज्ञानिक शोधों के आधार पर भी सर्वोत्तम माना गया है, ये हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

**विकास की दोगुनी र तार के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी**

श्री पटेल ने कहा कि भाजपा को वोट इसलिए चाहिए कि जिन लोगों के सिरों पर अभी प्रधानमंत्री आवास की छत नहीं है, उन्हें छत दी जा सके। जिन गांवों और घरों में पानी नहीं पहुंच सका है, वहां पानी पहुंचाया जा सके। जिन माताओं-बहनों को उज्ज्वला गैस कने शन नहीं मिला है, उन्हें गैस दी जा सके। श्री पटेल ने कहा कि हम डबल इंजन की सरकार इसलिए चाहते हैं ताकि विकास की र तार दोगुनी हो सके। उन्होंने कहा कि बिछिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ टर विजय आनंद मरावी न केवल पढ़े-लिखे हैं, बल्कि जनता की सेवा में समर्पित भी हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. विजय आनंद ने कोरोना काल में किस तरह से मरीजों की सेवा की थी और उनके जीवन को बचाया था। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आपका एक सही चुनाव आपके और आपकी पीढ़ियों के भविष्य पर प्रभाव डाल सकता है।

**भाजपा में शामिल हुए युवा**

कार्यकर्ता स मेलन और जनसभा के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री पटेल की उपस्थिति में बड़ी सं या में स्थानीय युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन युवाओं में श्री राजा केवट, सुनील केवट, संतोष मरकाम, अंचल केवट, गोविंद केवट, लच्छी केवट, सौरव केवट, सुनील केवट, अंचल केवट एवं दुर्गेश नंदा आदि शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने सभी नए साथियों का पार्टी में स्वागत कर बधाई दी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, मंडला के विधायक देवसिंह सैयाम विधानसभा संयोजक अशोक नानकानी, जिला महामंत्री विधानसभा प्रभारी उमेश ठाकुर,पूर्व जिला अध्यक्ष बालकिशन खंडेलवाल मंडल अध्यक्ष नीरज पटेल, अजयपुरी गोस्वामी श्री महेंद्र पटेल श्री आलोक दीक्षित प्रफुल्ल मिश्रा पार्टी कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।



## इजराइल से लौटे भारतीय नागरिकों की केंद्रीय मंत्री कुलस्ते ने की अगवानी

मंडला यशो-. केंद्र की मोदी सरकार ने 11 दिन पूर्व ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित भारत लाने के लिए ऑपरेशन अजय की शुरुआत कीए ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल से भारतीय नागरिकों को लेकर छटवा निजि विमान नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचा। युद्ध के बीच इजराइल से भारत आए नागरिकों का केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने अगवानी कर उनसे आत्मीय संवाद किया। गौरतलब है कि इसराइल और हमास के बीच युद्ध के मद्दे नजर भारतीय नागरिक वापस आने की इच्छा भारत सरकार से जताई थी लिहाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल में रह रहे भारतीय नागरिकों को सकुशल देश वापस लाने का निर्णय लिया। अभी तक 1500 से अधिक भारतीय नागरिक वापस लाए जा चुके हैं।

# छल कपट और झूठे वायदों से सत्ता हथियाना चाहती है कांग्रेस - त्रिवेदी

सिवनी यशोः-जनसेवा और विकास सदैव भाजपा का लक्ष्य रहा है। हमने सत्ता के माध्यम से प्रदेश के सर्वागीण विकास साथ ही सभी वर्गों को विकास की मु य धारा से जोडने के लिये जनकल्याण की योजनाओं के माध्यम से उनका लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। इसके विपरीत कांग्रेस छ्ल, कपट और झूठे वायदों के साथ फिर से सत्ता हथियाना और प्रदेश को चिमनी युग की ओर ढकेलने का सपना देख रही है।

उक्ताशय की बात भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी श्री मनोज मर्दन त्रिवेदी द्वारा कही गई। श्री त्रिवेदी ने कहा कि, कांग्रेस ने झूठे वायदे कर के 2018 में प्रदेश में सरकार जरूर बना ली मगर उसके बाद प्रदेश की जनता पर कहर ढाने का कार्य किया। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी ही नही कि बल्कि एक कदम आगे चलकर लूट, अपराध और उद्दंडता का तांडव मचा दिया।

**कांग्रेस को बेहतर पहचानती है जनता**

श्री त्रिवेदी ने कहा कि, कांग्रेस के कारनामों का परिणाम यह हुआ कि, लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का सूपडा साफ हो गया। यही नहीं कांग्रेस की हरकतों से तंग आकर कांग्रेस के वफादार साथियों ने कांग्रेस से किनारा कर लिया फलस्वरूप प्रदेश में पुनः भाजपा की जनकल्याणकारी सरकार की वापसी हुई। अब 2023 के चुनावों में कांग्रेस फिर से जिन झूठे वादों और खोखले नारों के साथ चुनावों में उतरी है उसे प्रदेश की जनता भलीभांति समझ चुकी है।

वैश्विक संकट के समय भी कांग्रेसी घरों में दुबके रहे

श्री त्रिवेदी ने कहा कि, कांग्रेस जन सेवा का ढोंग किस तरह करती है इसका उदाहरण कोरोना कल में तब देखने को मिला जब कांग्रेसी पीड़ितों की मदद करने के बजाय घर में दुबककर बैठ गए। इसके विपरीत भाजपा ने वैश्विक संकट कोरोना काल में सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। भाजपा के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्त्ताओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर मानव जीवन बचाने के पूरी क्षमता के साथ प्रयास किया । स्वास्थ्य सेवाएँ सुधारने के लिये करोड़ो रूपये की मदद प्रदान की और जगह जगह स्वास्थ्य शिविर लगाये, ओ सीजन के सिलेंडर,जीवन रक्षक दवाईयाँ उपलब्ध करायी । जहाँ घरों में राशन, सब्जी और आवश्यक सामग्री पहुँचायी वही यहाँ से गुजरने वाले राहगीरों को भी भोजन और साधनों की उपलब्धता दी,हमारे जिले के छात्र बाहर थे उन्हें सुरक्षित लाने के लिये व्यवस्थाएँ दी।

**भाजपा ने समर्पित भाव से की सेवा**

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के नेतृत्व में भाजपा के बूथ स्तर तक के कार्यकर्त्ता कारोना काल में अपने - अपने स्तर पर सेवा में जुटे रहे। भाजपा की सरकारों के साथ हमारे सांसद, विधायकगण सेवा करते हुये दिख रहे थे तो कांग्रेसी उस विपरीत परिस्थिती में भी केवल घर में बैठकर आरोप लगाते रहे और जनता को भयभीत करने में अपनी ताकत लगाते रहे । जिसके लिये कांग्रेस को बुद्धिजीवियों ने मीडिया के माध्यम से जमकर लताड़ भी लगाते रहे है ।

### सिवनी विधायक का मजाक उड़ा कर कांग्रेस निर्लज्जता का परिचय दे रही है



सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन स्वयं अस्पतालों में पहुँचकर मरीजो की चिंता करते रहे घर घर राशन पहुँचाने का करते रहे । उस भयावह परिस्थिती में अनेक मृतको के परिजन अग्नि संस्कार भी सही तरीके से नहीं कर पाये। अनेक शव अध जले रह गये, अस्थियाँ नहीं उठायी जा सकी। ऐसे मृतको की अस्थियों का संचय सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कर उनका विधिवत उन्हें नदियों में प्रावाहित किया। विधायक द्वारा ऐसे अज्ञात व्यक्ति का तर्पण पितृमोक्ष अमावस्या में किया जिसका कांग्रेसी मजाक उड़ा कर अपनी निर्लज्जता का परिचय तो दे ही रहे हैं बल्कि, पीड़ित जनों की भावनाओं, आस्थाओं और उनके धार्मिक रीति रिवाजों का भी उपहास उडाने का अपराध भी कर रहे हैं।

## वृंदावन गार्डन में सजाई गई चैतन्य देवियों की झाँकी

मण्डला यशोः- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मंडला के तत्वाधान में वृंदावन गार्डन में चौतन्य देवियों की झाँकी सजाई गई है। यह चौतन्य देवीयों की झाँकी का आयोजन 15 अे टूबर से 23 अे टूबर तक पूरे 9 दिन तक वृंदावन गार्डन, बिंझिया में किया गया है। चौतन्य देवियों की झाँकी शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक रहती है। इस चौतन्य देवियों की झाँकी का मु य आकर्षण है कि इसमें कुमारी कन्याओं को देवी स्वरूप में दिखाया गया है, जिसमें माँ दुर्गा, माँ लक्ष्मी, माँ शीतला, माँ गायत्री, माँ पार्वती, माँ वैष्णों आदि चौतन्य देवियों की झाँकी को देखने बड़ी सं या में श्रद्धालु जन पहुंच रहे हैं। इसके साथ आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी भी लगायी गयी। जिसके माध्यम से सभी को आत्मा व परमात्मा ज्ञान दिया जाता है।



इस चैतन्य देवियों की झांकी का उदघाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसमें मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, रामकृष्ण सेवाश्रम के संचालक भ्राता शारदात्मानन्द स्वामी जी, भागवत रसिक वृंदावन प. राम गोपाल शास्त्री (नीलू महाराज), श्रमजीवी पत्रकार अध्यक्ष भ्राता नीरज अग्रवाल, ब्रह्माकुमार भाई बहनों सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

मण्डला क्षैत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि नौ देवियों की आध्यात्मिक रहस्यों को धारण करना ही नवरात्रि पर्व मानना है। बताया कि केवल नवरात्रि का जागरण ही नहीं करें बल्कि अज्ञान नींद से भी जागें, यही सच्ची-सच्ची नवरात्रि मानना और जागरण करना है ।

# दुर्गा पंडालो व मंदिरों में मनाई गई अष्टमी

## महिलाओं ने जलाभिषेक व पूजा के साथ अठवाई चढ़ाई, जगह-जगह हुआ कन्याभोजन

मंडला यशोः- सुबह से देर शाम तक मंदिरों में हवन-पूजन, दर्शन का कार्यक्रम चलता रहा। महाआरती पूजन कार्यक्रम में भक्तों ने पहुंचकर आदि शक्ति की आराधना की। वहीं घरों में कलश स्थापित कर नौ दिन का व्रत कर रहे। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन पूजन के साथ घरों में स्थापित कलश की पूजा की। कन्याओं को हलवा-पूड़ी, खीर आदि का प्रसाद बनाकर भोज कराया। पूजन के साथ दक्षिणा देकर कन्याओं की विदाई की। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों व घरों में मां की भक्ति व आराधना का क्रम जारी रहा।



जगत जननी माँ दुर्गे के आठवें स्वरूप माता महागौरी की उपासना दुर्गा अष्टमी को की गई। देवी गौरी के अंश कौशिकी से ही देवी देवताओं को शु भ निशु भ के प्रकोप से मुक्ति मिली, देवी गौरी ही शिव जी की पत्नी हैं और शिवा एवं शा भवी के नाम से भी इनकी उपासना होती है। इस रूप में माँ करुणामयी स्नेहमयी शांत और मृदुल दिखती है। माँ जगतवासियो का कल्याण करती है, आठवें दिन माता को दरबार में अठवाई चढ़ाई गई और दुर्गा पंडालों में महा अष्टमी पूजा के साथ हवन कराया गया।

बिछिया में इस समय नव दुर्गा मां आदिशक्ति की सर्वत्र धूम मची हुई है, नगर में अनेक स्थानों पर माता की प्रतिमा विभिन्न कलाओं पर आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, धार्मिक भावनाओं से भरे नगर के सर्वाधिक पंडालो में प्रतिदिन जस भजन कीर्तन आदि से जय कारो से गूंज रहे है नगर के हृदय स्थल विनोद रंगमंच में स्थापित माता की झांकी जहां प्रतिदिन वर्षों से रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया जाता है, जो आज भी जारी है, वही जांतीपुर रंगमंच पर अनेकों वर्षो से मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान होने के साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। रेस्ट हाउस मार्ग पर भी माता की प्रतिमा विराजमान वही मुक्ति मार्ग पर मां काली की प्रतिमा विराजमान है। नगर के अलावा आसपास अनेक वार्डो पर ग्रामों में माता की भक्ति में भक्त नजर आ रहे है।

**मंदिरों, देवीपीठों में मनाई अष्टमीः**

सिंहवाहनी मंदिर नावघाट, बूढी माई मंदिर, विंध्यवासनी मंदिर सराफा, ज्वाला मंदिर, नीमवाली माता मंदिर, स्टेट बैंक कॉलोनी के पास खैरमाई, राजीव कालोनी झंडा चौक, सेमरखापा में सभी पंडालों व खैरमाई में अष्टमी मनाई गई व हवन किया गया। देवी स्थल पहुंचे भक्तों ने माता का प्रसाद भी ग्रहण किया।

**रंगारंग गरबा का आयोजनः**

जिला मु यालय में अलग-अलग स्थानों में रंगारंग गरबा डांस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गरबा आयोजकों द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम में भक्त गण उत्साह के साथ भाग ले रहे है। युवतियों द्वारा गरबा डांस में अधिक रूचि दिखाई दे रही है। जिसे देखने बड़ी सं या में भक्तों का जमावड़ा लग रहा। गरबा डांस का समापन आज किया जाएगा।

# राजा हृदयशाह व निजाम शाह ने कराई थी माता की प्राण प्रतिष्ठा

**सिद्धि देती है माता विंध्यवासिनी**

मंडला यशोः- शहर के बीचों बीच सराफा बाजार में स्थापित है माता विंध्यवासिनी का भव्य मंदिर। कहा जाता है राजा हृदयशाह व निजाम शाह के द्वारा यहां माता की प्राण प्रतिष्ठ कराई गई। यहां बांस का जंगल था, जहां से माता प्रगट हुई थी। यहां पर बावली थी, जिसका पानी राजा पीते थे। राजा ने यह बावली इसलिए बनवाई कि शस्त्रु इसमें जहर या दूसरी चींजे न मिला सके। एक समय राजा के पनिहार ने यहां से पानी लाना भूल गया, तब राजा स्वयं बावली के पास आए उन्होंने देखा बांस के झुरमुट के बीच माता की दिव्यमान प्रतिमा स्थापित है।




राजा ने तुरंत राज्य के पुजारियों को बुलवाकर माता की प्राण प्रतिष्ठा की। तभी से राजा के राज्य का विस्तार और अधिक बड़ा हो गया। माता विंध्यवासिनी में आज भी लोगों की मुराद पूरी होती है। क्वांर के माह यहां बलि चढ़ाई जाती है। नवरात्रि को मिठाई व सात्विक भोग लगाए जाते है। राजा के द्वारा माता की पूजा का भार बुद्धू लाल बरमैया के परिवार को दिया गया। जिसकी संतानें आज भी माता की पूजा अर्चना में लीन है। मंदिर के पंडा ने बताया ऐसे अनेकों लोग है जिन्हें सर्प ने काटा मरणासन स्थिति में यहां लाया गया। वदना के बाद वे ठीक हुए। जिनकी संताने नहीं थी उन्हें संतान की प्राप्ति हुई। सराफा में ही ऐसे लोग है जो माता की सेवा से निरंतर प्रगति पर है। पूर्व में माता की मढिया के रूप में मंदिर था। समय के साथ साथ मंदिर को भव्यता दी गई और अनेकों माताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है। यह शहर के बड़े दिवाले के रूप में जाना जाता है।

## सूनी गोद भरती है बड़ी माता

### पिण्डी रूप में स्थापित बड़ी माता।

मंडला यशोः- महाराजपुर संगम घाट में स्थापित बूढ़ी माई माता के मंदिर के पास ही बड़ी माता का स्थान है। जिन्हें मरहाई माता कहा जाता है। माता पिण्डी रूप में स्थापित है। जिनका चमत्कार भक्त आज भी बताते है। माता के सेवक ने बताया कि बूढ़ी माई माता के आसपास सुनबहरी माता, बड़ी माता, बाहरवासिनी माता, खैरमाई, शीतला माता विराजमान है। उसमें बड़ी माता भी लोगों की मन्नत पूर्ण करती है। माता को बूढ़ी माता के स्थान से अलग रखा गया है।




इन्हें 1895 में ददनू नामक पंडा ने रामनगर खरेहनी से लाकर यहां स्थापित किया। ये ग्राम माता कहलाती है। बड़ी माता के पास सूनी गोद भरती है। चोरी, कोट, कचहरी के मामले शीघ्र निपटते है। जिसके लिए मन्नत जरूरी होती है। चौत्र नवरात्र में यहां बलि का विधान है। शारदेय नवरात्र में मीठा अठवाई, हलुआ का भोग लगता है। 9 दिन यहां नारियल नहीं फोड़े जाते। नवरात्र के चलते यहां लोगों ने अपनी मन्नत के अनुरूप जवारे खप्पर स्थापित कराए है। जिनकी मन्नत पूर्ण हुई है वे दोनों पहर माता के दर्शन को आते है।

# सोना-चाँदी के जेवर, नगदी तथा बड़ी मात्रा में महुआ जब्त

## जारगी तथा चाबी में एसएसटी टीम की कार्यवाही

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से गठित लाइंग स्कॉट तथा स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा क्षेत्रों का लगातार भ्रमण तथा चैकपोस्ट के माध्यम से निरीक्षण एवं निगरानी का कार्य करते हुए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम जारगी में सोना-चांदी के जेवर एवं नगदी जब्त किए गए हैं तथा चाबी में बड़ी मात्रा में महुआ जब्त किया गया है।



**11 किलो चाँदी और 42 ग्राम सोने के जेवर तथा 40 हजार 400 रूपए जब्त**

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 अे टूबर की रात्रि में एसएसटी टीम द्वारा ग्राम जारगी में वाहन क्रं. एमपी 20 सीजी 2628 की तलाशी ली गई जिसमें वेदांत सोनी उम्र 23 वर्ष सराफा बाजार मंडला के पास से 11.715 किलो चाँदी के जेवर, 42.60 ग्राम सोने के जेवर तथा 40 हजार 400 रूपए नगद जब्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई।

**चाबी में 29 क्विंटल महुआ बरामद**

एसएसटी जांच नाका चाबी में वाहन चैकिंग के दौरान पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 5052 को चैक करने पर उक्त वाहन में करीब 29 क्विंटल महुआ भरा था। उक्त वाहन के चालक सत्यनारायण पिता त्रिवेणी उम्र 39 वर्ष निवासी महदेवा जयसिंह नगर जिला शहडोल द्वारा वाहन में भरे हुए महुआ के संबंध में किसी प्रकार के कागजात पेश नहीं किये गए। जिस पर उक्त वाहन एवं चालक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## बैलगाड़ी पर संवार हुई रिटर्निंग अधिकारी मतदान की अपील के लिए पहुँची गांवों में

बालाघाट । बैलगाड़ी पर संवार हुई रिटर्निंग अधिकारी17 नव बर को होने वाले मतदान की अपील के लिए पहुँची गांवों में वारासिवनी विधानसभा के नरोड़ी गांव में शुक्रवार को उस समय कौतुहल का विषय बन गया। हलचल सी हुई जब वहां की रिटर्निंग अधिकारी कामिनी ठाकुर बैलगाड़ी पर संवार होकर पहुँची। उनके इस तरह से गांव में पहुँचना और हाथों में मतदान करने के लिए हाथों में लिए हुए त ती साफ बता रही थी कि लोकतंत्र में हर एक मतदाता का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। इसी उद्देश्य से वो भी मतदाताओं को जागरूक या आमंत्रित करने के लिए गई थी। इतना ही नहीं कि सिर्फ वो ही गांव पहुँची थी। बल्कि अनुभाग का पूरा अमला बैलगाड़ी पर ही संवार होकर पहुँचा था। इस दौरान बैलगाड़ी के आगे-आगे बांसुरी और डुकडूकि बजाते हुए साजिंदे चल रहे थे।वारासिवनी में ये है मतदाताओं की स्थितिजिले की सभी 6 विधानसभाओं सहित वारासिवनी में भी नामांकन फार्म भरने का कार्य शनिवार से प्रार भ हो गया है। शनिवार को जारी हुई अधिसूचना के अनुसार बालाघाट, कटंगी और वारासिवनी में 17 नव बर को मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक तथा बैहर, लांजी और परसवाड़ा में मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर के 3 बजे तक होगा। वारासिवनी विधानसभा में कुल 203945 मतदाताओं में 101290 पुरुष मतदाता और 102655 महिला मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। यहां 1389 दिव्यांग मतदाताओं में 847 पुरूष व 542 महिला, 1653, 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं में 581 पुरुष व 1072 महिला मतदाता है।



## विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में सी. ए. पी. एफ (सेन्ट्रल आ र्स पुलिस फोर्स) के अधिकारी, कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

मण्डला यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया हेतु प्राप्त सी.ए.पी.एफ की क पनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिनांक 22.10.2023 को रानी दुर्गावती महाविद्यालय मंडला के सभागार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला डॉ अमित वर्मा, मास्टर टेनर्स, डीएसपी पीयूष मिश्रा एवं रक्षित निरीक्षक सुनिल नागवंशी द्वारा चुनाव संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सी. ए. पी. एफ के सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। उसके उपरांत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मैन्युअल एवं चुनाव संबंधी निर्देशों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में एरिया डॉमिनेशन, मतदान के पूर्व मतदान दिवस तथा ईवीएम गार्डिंग, कानून व्यवस्था में जिला पुलिस का सहयोग करने, अंतर्राज्यीय व अंतर जिला नाको पर ड्यूटी, मतदान केन्द्र पर ड्यूटी, से टर मोबाईल में ड्यूटी, आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करने और पालन करवाने के संबंध में, मतगणना इत्यादि के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं जि मेदारियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया साथ ही चुनाव के दौरान या करना चाहिए एवं या नहीं करना चाहिए के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297